# मेरे घर में भी आओ मैया शेरोंवाली भजन लिरिक्स

मेरे घर में भी आओ,
मैया शेरोंवाली,
तेरा रसता निहारूं,
मैं जोतां वाली,
ओ पहाड़ां वाली,
ओ जोतां वाली,
मेरे घर मे भी आओ,
मैया शेरोंवाली।bd।

---

सूना पड़ा है मन का मंदिर,
आओ तुम्हें बिठा लूँ,
मिले तुम्हारी करुणा तो मैं,
अपना भाग्य बना लूँ,
तेरे आने से होगी,
मैया खुशहाली,
मेरे घर मे भी आओ,
मैया शेरोंवाली।bd।

---

माँ बेटे का नाता जग में,
होता बड़ा ही पावन,
माँ का आशीर्वाद मिले तो,
जीवन हो मन भावन,
तेरे दरसन की प्यास है,
मैं हूँ सवाली,
मेरे घर मे भी आओ,
मैया शेरोंवाली।bd।

---

मैं निर्बल बड़ा दीन हीन,
माँ अब तो मुझे संभालो,
'चोखानी' को श्री चरणों का,
सेवा दार बना लो,
बात 'टोनी' की राखो,
मां भोली भाली,
मेरे घर मे भी आओ,
मैया शेरोंवाली।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे घर में भी आओ,
मैया शेरोंवाली,
तेरा रसता निहारूं,
मैं जोतां वाली,
ओ पहाड़ां वाली,
ओ जोतां वाली,
मेरे घर मे भी आओ,
मैया शेरोंवाली।**bd**।

**Singer – Sukhjeet Singh Toni**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com